एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

मंगलवार, 25 अगस्त 2026

**PAGE NO 9 : BOTTOM**

# नैनीताल रोड पर खुला पुलिस सहायता केन्द्र

संवाददाता भोजीपुरा

अमृत विचार : मेडिकल कॉलेज प्रेशासन ने अपने परिसर में पुलिस सहायता केंद्र बनाकर पुलिस को सौंप दिया। सोमवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने फीता काटकर व शिलापट का अनावरण कर पुलिस बूथ का उदघाटन किया। मेडिकल कॉलेज में पुलिस बूथ खुलने से मेडिकल कॉलेज और नैनीताल हाइवे पर होने वाले अपराधों पर लगाम लगेगी। पुलिस बूथ खुलने से वहां 24 घंटे पुलिस मौजूद रहेंगी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से बनाया गया पुलिस बूथ आधुनिक और वातानूकूलित सुविधाओं परिपूर्ण रहेगा।बूथ के उदघाटन के बाद वरिष्ठ



सहायता केन्द का उद्घाटन करते एसएसपी अनुराग आर्या, एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ।

पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य व एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा सीओ हाइवे देवेश सिंह के साथ मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम हाउस का भी निरीक्षण भी किया। इसके बाद एसपी उत्तरी व सीओ हाइवे ने कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों को फल प्रसाद का वितरण किया।

इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन देवमूर्ति व आदित्य मूर्ति, प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा कुंवर बहादुर सिंह अपराध निरीक्षक राजवली सिंह एवं मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान
मंगलवार
25 अगस्त 2026, श्रावण शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली

PAGE NO 7 : BOTTOM

# एसआरएमएस में शुरू हुआ पुलिस सहायता केंद्र

**सुविधा**

**भोजीपुरा, संवाददाता।** राममूर्ति मेडिकल कॉलेज परिसर में पुलिस सहायता केंद्र बनाया गया है। सोमवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने फीता काटकर और शिलापट का अनावरण कर पुलिस बूथ का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति भी मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज में पुलिस बूथ खुलने से अब वहां 24 घंटे पुलिस मौजूद रहेगी। यह पुलिस बूथ आधुनिक और पूरी तरह वातानुकूलित है। उद्घाटन के बाद एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी नॉर्थ मुकेश चन्द्र मिश्र और सीओ हाईवे देवेश सिंह ने मेडिकल कॉलेज में बने पोस्टमार्टम हाउस का भी निरीक्षण किया। इसके बाद नैनीताल रोड पर कांवड़ियों को फल वितरण कर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर भोजीपुरा इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम राजबली, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, जीएम कर्नल डॉ. राजा माजी, मैनेजर विनीत शर्मा व अजीत सिंह सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन करते एसएसपी, एसपी नॉर्थ और देवमूर्ति।